<u>संदेश</u>

महावीर जयंती के पावन अवसर पर, मैं सभी देशवासियों, विशेषकर जैन समुदाय को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

अहिंसा, सत्य, अस्तेय और अपरिग्रह की भगवान महावीर की शिक्षाएं हर युग में और हर व्यक्ति के लिए प्रासंगिक हैं। इन शिक्षाओं का पालन करके एक ऐसे समावेशी और समतामूलक समाज का निर्माण किया जा सकता है जहां सभी को समान अवसर मिलें और परस्पर समन्वय एवं सद्भाव को बढ़ावा मिले।

आइए, विश्व में शांति, प्रेम, सदाचार और सौहार्द के प्रसार के लिए भगवान महावीर के जीवन और उनकी शिक्षाओं से प्रेरणा प्राप्त करें। साथ ही, वर्तमान समय में वैश्विक संकट बनकर उभरे COVID-19 वायरस को ध्यान में रखते हुए, सभी देशवासी *सोशल डिस्टेंसिंग* सहित सभी सरकारी निर्देशों का पालन करें।

****